तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 6 अप्रैल 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


3 युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, प्रधान आरक्षक पर 50 हजार मांगने का आरोप








### पुलिस ने दो युवक और एक महिला समेत तीन को किया गिरफ्तार, भविष्य में दे सकते थे बड़ी वारदात को अंजाम

# आरक्षक के घर से एके 47 राइफल और 90 राउंड कारतूस चोरी के मामले में पुलिस का बड़ा खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

अंबिकापुर। आरक्षक के घर से एके 47 और 90 राउंड जिंदा कारतूस व जेवर चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी अपना शौक पूरा करने के साथ ही नशे की जरूरत पूरी करने के लिए चोरी करने के साथ ही नशे का कारोबार भी करते थे। उनके इस काले कारनामों में एक आरोपी की मां भी साथ देती थी और खुद उन्हें सूने मकानों की जानकारी प्रदान करती थी। पुलिस ने इस मामले में दो युवकों और एक महिला समेत कुल तीन लोगों को गिरफ्तार करने के साथ ही एके 47 राइफल और 90 नग जिंदा कारतूस के साथ ही सोने चांदी के जेवर, नशीला इंजेक्शन व चोरी के रकम से खरीदे गए सामान को बरामद किया गया है। शनिवार को इस चोरी के मामले का खुलासा एसपी योगेश पटेल ने किया है। इसके साथ ही पुलिस ने यह भी माना है कि आरोपी इस हथियार से किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते थे।

**खास बात**

- नशे का शौक पूरा करने के लिए करते थे चोरी, मां भी देती थी साथ

बता दें कि बलरामपुर जिले में जिला बल में पदस्थ आरक्षक आशीष तिर्की के गांधीनगर स्थित सूने मकान में 1 व 2 अप्रैल की दरमियानी रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। चोर सूने मकान में प्रवेश कर सोने चांदी के जेवर के साथ एके 47 राइफल और 3 मैगजीन में 90 राउंड जिंदा कारतूस भी चोरी कर ले गए थे। इस घटना के सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। घटना के बाद एसपी योगेश पटेल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर गांधीनगर थाना अंतर्गत डेयरी फार्म रोड शिव मंदिर के पीछे रहने वाले 24 वर्षीय सागर सिंह चौहान आ. अशोक सिंह व गांधीनगर बजरंग होटल के पास रहने वाले 18 वर्षीय प्रहलाद वासुदेव आ. योगेन्द्र चौबे को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। जब पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने क्षेत्र में अलग अलग चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के साथ ही नशे का कारोबार करने की बात स्वीकार की। इसके साथ ही जब पुलिस ने उनसे आरक्षक के घर में चोरी करने की बात पूछी तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उनकी मां शांति सिंह ने आकर सूचना दी थी कि मोहल्ले में एक घर में ताला लगा हुआ है जिसके बाद रात 12 बजे दोनों आरोपी घर का मेन गेट फांदकर अंदर घुसे। अंदर जाने पर उन्हें के राइफल बंदूक और एक मैगजीन मिला जिसे उन्होंने अपने पास रख लिया इसके बाद घर का लॉक खोलकर सोने का मंगलसूत्र, दो सोने की अंगूठी, सोने के टॉप्स, चांदी की पायल, चांदी का लॉकेट और लॉकर में रखे दो मैगजीन, कार की दो चाबी रख ली। आरोपियों ने आरक्षक के घर में ही सामान का बंटवारा किया और अपने जैकेट में छिपा लिया इसके साथ ही आरोपी सागर ने राइफल को अपने जैकेट के अंदर छिपा लिया। आरोपी पुनः गेट फांदकर घर भाग गए घर जाकर सागर चौहान ने सोने चांदी के गहने, गाड़ी की चाभी अपनी मां शांति देगी को दिया जबकि मां के कहने पर आरोपी सागर और उसके मिलकर प्रहलाद ने एके-47 राइफल, मैगजीन समेत कारतूस को बाड़ी में गड्ढा खोदकर प्लास्टिक बोरी में रखकर गाड दिया।



मामले की जानकारी देते एसपी व पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### मां करती थी रेकी, युवक करता था चोरी



पुलिस के अनुसार आरोपी सागर चौहान से दो साल पहले प्रहलाद वासुदेव से जान पहचान हुई थी। इसके बाद दोनों अपना शौक पूरा करने और नशे की जरूरत पूरी करने के लिए चोरी करते थे और नशे का समान बेचते थे। विगत पांच छह माह से आरोपी प्रहलाद वासुदेव सागर चौहान के घर में रहता था। सागर चौहान की मां शांति सिंह क्षेत्र में घूम घूमकर सूने मकानों की रेकी कर उन्हें जानकारी देती थी और उसके बाद दोनों आरोपी मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे और फिर चोरी का सामान बांट लेते थे। आरोपी सागर चोरी में मिले सोने चांदी के जेवर अपनी मां को देता था। चोरी के सामान को बेचकर आने वाली रकम से आरोपियों द्वारा घर में ऐशो आराम के सामान इकट्ठा किया जा रहा था।

### ये सामान हुआ बरामद



पुलिस ने मामले में आरोपी सागर चौहान, प्रहलाद वासुदेव व सागर की मां 45 वर्षीय शांति सिंह पति शोक सिंह के कब्जे से गाड़ा हुआ सर्विस राइफल एके 47 एवं 3 मैगजीन 90 राउंड, एक सोने का मंगलसूत्र, 2 नग अंगूठी सोने की, 1 जोड़ी सोने की बाली, 3 जोड़ी चांदी की पायल, 2 जोड़ी चांदी की बिछिया, 1 नग चांदी का शिवलिंग, चोरी की रकम से खरीदा गया सोफा सेट, पलंग, ड्रेसिंग टेबल, स्पीकर, प्रार्थी के नाम के गहनों की पर्ची, 1 सेट स्पीकर, 1 नग ब्लूटूथ स्पीकर, 1 नग हेयर ड्रायर, 2 इस्तेमाली जूता, तस्करी में प्रयुक्त बाइक सीजी 15 डीबी 0332 कुल कीमती मशरुका 20 लाख रूपए बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4), 305, 112, 61(2) एवं 25 आर्म्स एक्ट के साथ ही धारा 22 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है

### करते थे नशे का कारोबार

पकड़े गए तीनों आरोपी नशे के आदी तो हैं ही इसके साथ ही वे नशे का सामान की बिक्री करते थे। पुलिस ने आरोपी के पास से तलाशी लेकर 200 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया है। आरोपियों द्वारा आस पास के क्षेत्रों में नशे का सामान घूम घूमकर बेचने की बात स्वीकार की गई है। वहीं आरोपी भी आदतन नशेड़ी है।

### अन्य चोरी को दिया अंजाम

पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने आरक्षक के घर समेत तीन स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस के अनुसार 5 महीने पहले आरोपी सागर और प्रहलाद ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर गोधानपुर में सूने मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के गहने, एक लैपटॉप चोरी कर लिया था। चोरी के सभी सामान को लेकर सागर के घर आए और सागर की मां के पास सभी सामान को रखवा दिये थे। पिछले माह सागर और प्रहलाद दोनों मिलकर राजेन्द्रनगर शिवमंदिर के सामने ताला लगे एक सूने मकान में रात को घर का ताला तोड़कर घर के अंदर आलमारी एवं पेटी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के गहने चांदी का शिवलिंग, स्मॉर्ट वॉच, जूता, साउंड बॉक्स, पर्स, नगदी रकम और और अन्य सामान को चोरी करके सागर के घर आये। पर्स और चांदी का शिवलिंग को सागर की मां अपने पास रखी थी। चोरी करने के लिये आरोपी सागर और प्रहलाद स्कुटी का उपयोग करते थे।

## खबर संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से ग्रामीण घायल, जुर्म दर्ज

**अंबिकापुर।** पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ग्रामीण को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। इस मामले में पुलिस द्वारा वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

बसंतपुर पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम महादेवपुर निवासी चुड़गु पण्डो पिता हरिचरन से साइकिल से भूसा लेने के लिए ग्राम मुरकौल गया था। इस दौरान मुरकौल में सोनी दुकान के समीप पिकअप क्रमांक सी 15 डीक्यों 5946 के चालक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में गंभीर रूप से घायल ग्रामीण को उपचार के लिए पीएचसी मुरकौल में भर्ती कराया गया था जहां से उसे सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वाड्रफनगर अस्पताल में ग्रामीण की हालत में सुधार नहीं होने पर बेहतर उपचार के लिए उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया। इस मामले में पुलिस द्वारा पिकअप चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।




5-APRIL- JAS TO BILASPUR Bhoomi pg-2_Layout 1 4/5/2025 8:24 PM Page 1



# PREMIER ACADEMY



## PREMIER ACADEMY से NEET 2024 में GOVT. MEDICAL COLLEGE में प्रवेशित छात्र

### CRASH COURSE
**NEET 2025**
PAT/PET/PPHT/BSc. NURSING

**ABHIJAY TEST SERIES**
10 Full Length Tests

### DROPPER COURSE
**NEET/IIT-JEE/CUET**
1 Year Classroom Program
- All Syllabus Coverage
- Test Series & One to One Doubt Session
- Daily 6 to 7 Hours Classes
- हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम की पृथक कक्षाएं
- लड़के एवं लड़कियों हेतु पृथक हॉस्टल उपलब्ध

### SCHOOL+COACHING
**NEET/IIT-JEE**
2 Years Classroom Program
For 11th & 12th

➔ सभी कक्षाएं हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में उपलब्ध
➔ हॉस्टल एवं मेस सुविधा उपलब्ध

Are you Looking for
## CRASH COURSE
## CUET

- English
- GT (General Test)
- Maths / Reasoning
- Domain Subjects (Arts / Commerce / Science)
- General Studies
- Legal Studies



Full Length Test Available for all Subjects

## All New Batches From 7th April 2025
## For IITJEE/NEET/CUET/NCET

### NEET-2024 में चयनित छात्र

सैनी रंजन दास-एम्स भुवनेश्वर, रिया मिश्रा-यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस दिल्ली, गुनगुन सिंह-गणेश शंकर विद्यार्थी स्मृति मेडिकल कॉलेज कानपुर, आशुतोष शर्मा-पं. जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज रायपुर, आदित्य कुमार-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया, महेन्द्र नायक-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी, ऋषि शेखर-छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर, आकांक्षा-छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर, रेखा-छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर, लोकेश जायसवाल-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव, मो. नदीम-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव, सुखसागर-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव, ममता नेताम-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय जगदलपुर, चंद्रदेव-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, गगन सिंह-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, अंजना भगत-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, सुरेन्द्र कुमार-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, दिनेश नाग-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, नंदिनी कुर्रे-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, स्नेहा तिग्गा-चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल कॉलेज दुर्ग, राहुल-चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल कॉलेज दुर्ग, ज्योतिराज-शासकीय चिकित्सा महाविद्याल कांकेर, दिव्या कुर्रे-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद, जगन्नाथ-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद,

### CUET-2024 में चयनित छात्र

**दिल्ली विश्वविद्यालय** :- आकाश कुमार, अमित मरकाम, चंदन जनबंधु, देवेन्द्र, दुलेश कुमार पिसदा, ममतेश कुमार, सागर, व्यंकटेश, मुस्कान दिवान, सत्या सिंह

**बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय** :- दीपिका सिंह, गनेश्वरी सिंह, कुलेश्वरी, सुष्मिता खलखो, उमंग सिदार, देवशरन सिंह

**गुरु घासीदास विश्वविद्यालय** :- आकाश कुमार, दिव्या, कुलेश्वरी, चंदन, जैकी राजवाड़े, कुमलाल, टिकेश्वर, प्रीति, नोमेश मंडावी, परमवीर, लोमेश्वरी सेठिया

Main Branch - Gumber Complex, In Front Of Old High Court, Bilaspur
Mangla Branch - Bachpan School Campus, Opp. 36 Mall, Mangla Chowk Bilaspur
Sarkanda Branch - Beside Palm Enclave, Seepat Road, Sarkanda Bilaspur

For Information: 8902987789 6260618880
Follow us @PREMIER_ACADEMY_CG

5 Ambikapur-pg 3-0_Layout 1 4/5/2025 10:31 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में पति गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** भूडुआमा मुर्ताडांड निवासी तेज राम ने 23 फरवरी को थाना में आकर सूचना दी थी कि घटना दिवस को उसकी पत्नी बाहर जाने की बात बोलकर निकली थी। कुछ देर बाद तेज राम भी मुर्ताडांड स्कूल की तरफ चला गया। युवक जब घर लौटा तो उसकी पत्नी नहीं आती थी। परिजन को खाना खिलाने के बाद युवक पत्नी को खोजने के लिए निकला लेकिन वह नहीं मिली। इसके बाद युवक घर आकर सो गया। युवक जब सुभ उठा तो उसके पत्नी का चप्पल घर के अंदर था और जब वह कमरे में गया तो उसकी पत्नी की लाश मयार में फांसी से लटकी हुई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम के लिए भेजा गया। पीएम रिपोर्ट और घटना की जांच के दौरान यह बात सामने आई कि मृतिका और तेज राम का विवाह दो वर्ष पूर्व हुआ था और शादी के बाद महिला को बच्चा नहीं होने पर पति तेज राम द्वारा आए दिन मारपीट और प्रताड़ति किया जाता था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी 22 वर्षीय तेज राम आ. राम लाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में आरोपी पति को बीएनएस की धारा 108 के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### किशोरी की मौत के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था युवक को

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, प्रधान आरक्षक पर 50 हजार मांगने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

पुलिस की प्रताड़ना से तंग आकर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक को पुलिस नाबालिग द्वारा फांसी लगाने के मामले में पूछताछ के लिए थाने में बुलाया गया था। चार घंटे तक चली पूछताछ की गई थी। इस बीच शनिवार की सुबह युवक का शव गांव में पेड़ से फांसी पर झूलता मिला है। युवक द्वारा आत्महत्या करने के मामले में मृतक की मां ने प्रधान आरक्षक पर 50 हजार रूपए की मांग करने और पूछताछ के दौरान बाहरी लोगों द्वारा थाने में आकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में रोष का माहौल है और उन्होंने अपना विरोध जताया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज भी मौके पर पहुंचे और अपनी ही सरकार में पुलिस पर सवाल उठाने के साथ ही घटना की निंदा करते हुए दोषी पुलिसकर्मी पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। शिकायत के बाद एसपी ने प्रधान आरक्षक को निलंबित कर दिया है जबकि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**खास बातें**

- घटना के बाद लोगों में आक्रोश, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम जुडवाणी के चुंकनडांड समरपारा निवासी 20 वर्षीय आशीष मिंज आ. स्व. फूलचंद मिंज ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव घर के समीप ही पेड़ से फांसी पर लटका हुआ मिला। युवक द्वारा फांसी लगाए जाने की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करने के साथ ही कार्रवाई की मांग की। मृतक की मां अलमा मिंज ने बताया कि नवम्बर 2024 में मृतक आशीष मिंज के घर में 16 वर्षीया नाबालिग संध्या कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। किशोरी द्वारा आत्महत्या करने के बाद डरकर युवक ने भी जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया लेकिन उपचार के बाद उसकी जान बच गई थी। इसी मामले में फिर से मृतक आशीष मिंज और उसकी मां अलमा मिंज को पुलिस थाना में पूछताछ के लिए नोटिस जारी कर बुलाया गया था जहां थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक द्वारा केस को रफा दफा करने और उन्हें इस जेल जाने से बचाने के लिए रिश्वत की मांग की थी। इस दौरान महिला ने थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस से इस मामले की शिकायत भी की थी। शिकायत के दौरान थाना प्रभारी ने कहा था कि पैसे मांगने का अधिकार किसी को नहीं है।



मृतक के परिजन व ग्रामीणों से चर्चा करते विधायक।

### पूछताछ के दौरान बाहरी लोगों ने की मारपीट

महिला के अनुसार 4 अप्रैल को भी उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया था जहां बारी बारी दोनों के बयान लिए गए। महिला का आरोप है कि बयान लेने के दौरान प्रधान आरक्षक ने फिर से 50 हजार रूपए की मांग की और दबाव बनाया। इसके साथ ही उसके पुत्र ने बाद में आकर मां को बताया कि पूछताछ के दौरान चोरी की रिपोर्ट लिखवाने के लिए दो अन्य बाहरी युवक भी वहां आए थे और उसके साथ मारपीट की। दोपहर 3 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक चली पूछताछ के बाद दोनों घर आ गए। घर आने के बाद आशीष अपनी मां के सामने रोने लगा। मां के समझाने के बाद व खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। रात 3 बजे जब महिला की नींद खुली तो वह अपने बेटे के कमरे में गई लेकिन उसका पुत्र नहीं था। काफी खोजबीन के बाद उसका शव फांसी पर झूलता मिला।

### मौके पर पहुंचे लुंड्रा विधायक, कार्रवाई की मांग

युवक की मौत के बाद परिजन व बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और पुलिस को शव ले जाने से रोक लिया। ग्रामीणों की मांग थी कि इस मामले में दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज किया जाए। इस घटना की सूचना मिलने के बाद विधायक लुंड्रा प्रबोध मिंज भी मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने एसडीएम व थाना प्रभारी के साथ ग्रामीणों से बात की। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पुलिस प्रशासन निरंकुश हो चुका है और लोगों से मारपीट की जा रही है। यह कोई पहला मामला नहीं है इसके पहले भी पुलिस की लापरवाही के मामले सामने आ चुके है। यदि दोषी पुलिसकर्मी पर निलंबन और एफआईआर दर्ज नहीं किया जाता है तो ग्रामीणों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान लुंड्रा विधायक श्री मिंज ने एसपी से फोन पर बात कर घटना को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए दोषियों पर कार्रवाई और एफआईआर दर्ज करने की मांग की। एसपी ने विधायक को जानकारी दी कि दोषी प्रधान आरक्षक को निलंबित कर दिया गया है लेकिन समाचार लिखे जाने तक आदेश जारी नहीं हो पाया था। घंटों चली समझाइश के बाद मामला शांत हुआ जिसके बाद मृतक का शव पीएम के लिए भेजा गया। इस दौरान जिपं सदस्य विजय अग्रवाल, भाजपा नेता अजीत सिंह, राकेश यादव, विक्रम सिंह, राकेश साहू तथा गांव के सरपंच उप सरपंच पंच व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### होनी चाहिए कड़ी कार्रवाई

यह मामला 6 महीना पुराना था जिसे लेकर युवक को थाने में बुलाया गया था और चार घंटे अलग कमरे में रखकर टॉर्चर व मारपीट की गई। बयान बदलने को कहा गया अथवा 50 हजार रूपए की मांग की गई। वहां से आने के बाद युवक ने दबाव में आकर रात में आत्महत्या कर लिया। इस विषय में एसपी से बात हुई और पूरे गांव के लोग संगठित होकर मांग कर रहे है कि प्रधान आरक्षक पर कार्रवाई हो। प्रधान आरक्षक को सस्पेंड कर दिया गया है। यदि किसी के चलते किसी की जान चली गई तो उसके ऊपर भी धारा लगना चाहिए जो इसके दोषी हैं उसके ऊपर कारवाई भी होनी चाहिए।

-**प्रबोध मिंज**, विधायक लुंड्रा

### किया गया है निलंबित

युवक के घर में नाबालिग द्वारा फांसी लगाने के मामले में मर्ग जांच चल रही थी इसके साथ ही मृतिका के परिजन ने भी इस मामले में जांच की मांग करते हुए शिकायत की थी। इसी सम्बन्ध में पूछताछ के लिए उन्हें बुलाया गया था। मृतक युवक की मां ने प्रधान आरक्षक पर 50 हजार की मांग का आरोप लगाया है। इसके साथ ही युवक ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस मामले में प्रधान आरक्षक को निलंबित कर दिया गया है और महिला के शिकायत व युवक के मर्ग की जांच की जाएगी।

-**अमोलक सिंह ढिल्लो**
एएसपी



## पति ने पत्नी और ग्रामीण पर टांगी से हमला कर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पत्नी को पराए युवक के साथ देखकर आक्रोशित ग्रामीण ने पत्नी और उसके प्रेमी को मौत के घाट उतार दिया। आरोपी ने चरित्र शंका पर दोनों की टांगी से मारकर हत्या कर दी। देर रात हुए दोहरे हत्याकांड से क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। इस मामले में पुलिस ने सूचना मिलने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से घटना में प्रयुक्त टांगी को बरामद कर लिया है। बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम केसरा में मनोज मांझी ने अपनी पत्नी फूल कुंवर और लक्ष्मण मांझी की टांगी से मारकर हत्या कर दी है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा ग्राम केसरा में बैजनाथ के पुराने घर के अलग अलग कमरों में से शव बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि दोनों पर टांगी से हमला कर उन्हें मौत के घाट उतारा गया था। पुलिस द्वारा शवों को पीएम के लिए भेजने के साथ ही आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत केसरा परसापारा निवासी 40 वर्षीय मनोज मांझी आ. राम प्रसाद मांझी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी मनोज मांझी ने पुलिस को बताया कि 4 अप्रैल की शाम वह बिफन माझी के साथ टांगी लेकर लकड़ी काटने के लिए जंगल गया था। जब वह जंगल से लौटकर घर आया और अंदर पहुंचा तो उसकी पत्नी फूलकुंवर और गांव का लक्ष्मण मांझी एक साथ थे। दोनों को एक साथ देखने के बाद चरित्र शंका आक्रोशित होकर उसने टांगी से फूलकुंवर और लक्ष्मणमाझी पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे दोनों की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त टांगी बरामद करने के साथ ही बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

- दोहरे हत्याकांड से सहमे ग्रामीण, आरोपी पति गिरफ्तार

## चाचा ने अपनी ही भतीजी पर टांगी से हमला कर ली जान, गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुरानी रंजिश को लेकर चाचा ने अपनी ही भतीजी पर टांगी से बेरहमी से वार कर उसकी हत्या कर दी। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंची भाभी पर भी उसने टांगी से वार किया लेकिन वह बाल बाल बच गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम बहेराटोली एरंड निवासी बुधियारो की पुत्री 15 वर्षीया गीता नागवंशी 4 अप्रैल की दोपहर 12 बजे घर के पास मौजूद नल जल योजन के तहत बने चेम्बर नल के पास कपड़ा ढो रही थी। इसी दौरान महिला का देवर चुन्नू राम टांगी लेकर मौके पर पहुंचा और अपनी ही भतीजी गीता नागवंशी की गर्दन पर बेरहमी से वार कर दिया। टांगी के हमले से युवती की मौके पर ही तड़पकर मौत हो गई। इसी बीच बचाव के लिए बुधियारो वहां पहुंची तो उसने अपनी भाभी पर भी जानलेवा हमला करते हुए टांगी चलाया लेकिन महिला झुक गई जिससे टांगी उसके पीठ पर लगा और महिला घायल हो गई। इस घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। इस हत्याकांड की सूचना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही मामले में जांच उपरान्त सीतापुर के एरंड बहेराटोली निवासी 48 वर्षीय चुन्नू राम आ. सोमरा नागवंशी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने अनुसार आरोपी ने अपने हिस्से में मिले जमीन को बेच दिया था और अब उसके पास कुछ भी नहीं बचा है जबकि मृतिका का परिवार संपन्न था और इसी बात को लेकर वह रंजिश रखता था। घटना दिवस को अचानक ही उसने अपनी भतीजी की टांगी से वार कर हत्या कर दी और बीच बचाव करने पहुंची भाभी को भी जान से मारने के लिए दौडाया। घटना के बाद आरोपी ने टांगी को ग्राम भूसु में जाकर छिपा दिया था। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1), 109 (1) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त टांगी को बरामद कर लिया है।



- पुरानी रंजिश के कारण दिया घटना को अंजाम, भाभी पर किया जानलेवा हमला




# चैत्र नवरात्र एवं श्रीराम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं...




























5 Ambikapur-pg 6-0_Layout 1 4/5/2025 10:19 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### जिपं अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने संभाला कार्यभार

**अम्बिकापुर।** जिपं की नव निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह एवं उपाध्यक्ष देव नारायण यादव ने शुक्रवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर एवं पूर्व सांसद कमलभान सिंह की उपस्थिति में पूजा-अर्चना उपरांत अपना कार्यभार संभाला। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने कहा कि जिला पंचायत का यह नेतृत्व विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण को प्राथमिकता देगा। निरूपा सिंह का कुशल नेतृत्व और जनसेवा का भाव सरगुजा को प्रगति के पथ पर अग्रसर करेगा। उनके कार्यकाल में जनहितकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होगा और ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक समावेशी विकास होगा। इस दौरान जिपं सदस्य विजय अग्रवाल, अभिमन्यु गुप्ता, विनोद हर्ष, विवेक दुबे, अनिल जायसवाल, गौतम विश्वकर्मा, नितिन गुप्ता एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### मंत्री प्रतिनिधि ने उपमंडी सिलफिली का किया भूमि पूजन



**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के बहुप्रतिक्षित मांग क्रृषि उपज मंडी के उप मंडी को कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने पूरा करा दिया है। जिसका शनिवार चैत्र नवरात्रि की महाष्टमी को भूमि पूजन मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने मधुवन प्रांगण सिलफिली में किया। उप मंडी कृषि सिलफिली हेतु 81.16 लाख के निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है। भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाती सिंह, जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव, सुरजपुर जनपद उपाध्यक्ष मनमत बछाड़, जनपद सदस्य सीमा सिंह, सरपंच अर्चना सिंह, उप सरपंच उषा सिंह, अनूप सिन्हा, समिति अध्यक्ष भोला सिंह, जगदीश कुशवाहा, यार सिंह, राजेश कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, रुपदेव कुशवाहा, अर्जुन व मंडी सचिव राम धनी भगत व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रतापपुर रेंज के ग्राम दरहोरा की घटना

# हाथी ने फिर ग्रामीण को कुचलकर ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/प्रतापपुर

**खास बातें**

- ग्रामीण मध्यरात्रि निकला था घर के बाहर

एक सप्ताह पूर्व झारखंड से सरगुजा आकर विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा अकेला हाथी सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। बीती रात हाथी वनपरिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत दरहोरा बस्ती में घुस गया तथा मध्य रात्रि घर के बाहर निकले ग्रामीण को कुचलकर जान ले ली।

सीमावर्ती झारखंड में भ्रमण कर रहे दल से भटक कर हाथी 31 मार्च को कुसमी के रास्ते सरगुजा के जंगल दाखिल हुआ। कुसमी जंगल में कुछ समय गुजारने के बाद उसने शंकरगढ़ , राजपुर जंगल के रास्ते जशपुर सफर कियाय तथा रातो रात वापस शंकरगढ़ जंगल में दाखिल हो गया। नर हाथी के असहज व्यवहार पर उपवन मंडला अधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव ने सभी परिक्षेत्र अधिकारियों को जनहानि होने की संभावना व्यक्त कर उसकी निरंतर निगरानी करने की चेतावनी दी थी। वन अमला हाथी की लगातार ट्रैकिंग करने के साथ्ज्ञ ही ग्रामीणों को सूचना देकर सावधानी बरतने के लिए सचेत कर रहा था। वन अमले द्वारा लगातार सतर्कता बरतने के बावजूद हाथी ने जंगल में महुआ बीन रही महिला को कुचलकर जान ले ली। इस घटना के बाद हाथी अब तक 3 ग्रामीणों की जान ले चुका है। गुरूवार को रात्रि 8.30 बजे हाथी सीमावर्ती बलरामपुर के भगवानपुर जंगल से बनारस मार्ग पारकर वन परिक्षेत्र घुई के कक्ष क्रमांक पी124 में दाखिल हुआ। वन अमला आसपास के गांवों में हाथी के मौजूद होने की सूचना दे रहा था। इस दौरान वह बार-बार आबादी क्षेत्र के निकट पहुंचने की कोशिश कर रहा था। हाथी गजदल एवं वनकर्मियों ने उसे कई बार जंगल की ओर खदेड़ा भी। इस बीच रात्रि 1 बजे वह दरहोरा बस्ती में दाखिल हो गया। इधर मध्य रात्रि में गहरी नींद में होने के कारण ग्रामीण हाथी की मौजूदगी से अनभिक शिवनाथ आ. सुखराम लघुशंका के लिए घर के बाहर निकला। पास में मौजूद हाथी ने उसे अपने सुंड में जकड़कर पटक दिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे वन अधिकारियों ने पीएम कराने के उपरांत उसके परिजन को 25 हजार की तात्कालिन सहायता राशि प्रदान की।



गांव में भ्रमण करता हाथी, इनसेट में मृतक।

**की जा रही निगरानी**

हाथी की लगातार निगरानी की जा रही है। रायपुर से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम पहुंची है। चिकित्सक वन अमले के साथ हाथी की निगरानी कर रहें है। विभाग द्वारा हाथी को ट्रेंक्यूलाइज करने का प्रस्ताव भेजा गया है। अधिकारियों के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-बी मातेश्वरन**
सीसीएफ, सरगुजा

### एक सप्ताह के भीतर 5 मौतें

एक सप्ताह के भीतर हाथी के हमले में पांच ग्रामीण की मौत हो चुकी है। जबकि असामान्य व्यवहार वाला दंतैल एक सप्ताह के भीतर ही तीन ग्रामीणों की जान ले चुका है। हाथी ने 2 अप्रैल को शंकरगढ़ में महुआ बीन रही गद्दी कोरवा (50 वर्ष) को पटक कर मार डाला था। हाथी ने 3 अप्रैल को ग्राम घाघरा में मक्का की रखवाली कर रहे दिने पोया को पटकर जान ले ली थी। हाथी दिन में भी भ्रमण करता है तथा 30 किमी तक की दूरी तय कर लेता है। हाथी असामान्य व्यवहार को देखते हुए सीसीएफ ने सभी रेंज के वन कर्मियों को 24 घंटे सतर्कता बरतने एवं हाथी की निगरानी करने का निर्देश दिया है।

### रायपुर से पहुंचे विशेषज्ञ

हाथी द्वारा लगातार जनहानि की घटनाओं को अंजाम देने की सूचना पर रायपुर से शनिवार को विशेषज्ञों की टीम पहुंची है। विभाग में हाथी के असामान्य व्यवहार एवं लगातार हमले की घटनाओं पर हाथी को ट्रेंकुलाइज करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। शासन द्वारा अभी प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिली है लेकिन रायपुर से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम पहुंच गई है। विशेषज्ञों ने हाथी के पद चिन्ह के आधार पर उसकी उम्र 4 साल बताई है। हाथी अभी भी प्रतापपुर रेंज अंतर्गत पेंडारी जंगल में है। विशेषज्ञ चिकित्सक वन अमले के साथ हाथी की निगरानी कर रहें है।

### हाथियों ने आलू अनुसंधान केन्द्र में पूरी रात मचाई तबाही, फसलों को किया तहस-नहस

बीती रात हाथियों ने मैनपाट स्थित आलू अनुसंधान केन्द्र में जमकर तबाही मचाई। हाथियों ने आलू एवं गेहूं की फसल को तहस-नहस करने के साथ ही केन्द्र के ग्रीन नेट हाउस, ड्रीप पाइप, बोर्ड आदि को तहस-नहस कर दिया है। हाथियों की तबाही से अनुसंधान केन्द्र को 2 लाख से अधिक की क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। गर्मी के मौसम में जंगल में आग लगने एवं वनस्पतियों के झुलसने के बाद अब हाथी भोजन की तलाश में आबादी क्षेत्र का रूख करना शुरू कर दिए है। जंगल से निकलने के बाद हाथी अलग-अलग दलों में विभक्त होकर भ्रमण कर रहे हैं। पिछले दो दिनों से हाथी शाम ढलते ही मैनपाट स्थित आलू अनुसंधान केन्द्र में पहुंच जा रहे हैं। बुधवार की रात अनुसंधान केन्द्र में पहुंचे तीन हाथियों ने पूरी रात तबाही मचाई। हाथी अनुसंधान कार्य के लिए लगे आलू एवं गेहूं की फसल से भूख मिटाने के बाद पूरी रात फसलों को रौंदते रहे। हाथियों ने अनुसंधान केन्द्र में बने ग्रीन नेट हाउस को फाड़कर तबाह कर दिया वहीं ग्रीन हाउस में लगाए गए पौधों को इधर-उधर बिखेर कर तबाही मचाने के बाद हाथी भोर होने पर जंगल की ओर चले गए। बीती रात अनुसंधान केन्द्र में दो हाथी पहुंचे एवं पूरी रात फसलों को रौंदते रहे। हाथियों ने अनुसंधान केन्द्र के साइन बोर्ड को उखाड़ दिया साथ ही ड्रीप पाइप को कुचलकर नष्ट कर दिया। अनुसंधान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.प्रताप राठिया ने बताया कि इसके पूर्व भी कई बार हाथियों ने अनुसंधान केन्द्र में धावा बोला है लेकिन पहली बार इतनी अधिक तबाही मचाई है। हाथियों ने दो एकड़ में लगी गेहूं एवं अनुसंधान कार्य के लिए लगाए गए आलू की फसल को रौंदकर नष्ट कर दिया है साथ ही ग्रीन हाउस परिसर में रखे ड्रीप पाइप केंद्र के बोर्ड को रौंदकर नष्ट कर दिया है। घटना की सूचना वन विभाग को दी गई है।

# मालगाड़ी से कोयला चोरी करने फिल्मी स्टाइल में सिग्नल को किया बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पुलिस ने किशोर सहित चार आरोपियों को किया गिरफ्तार
- गुरूवार को देर रात दिया था घटना को अंजाम



संगठित गिरोह द्वारा कोयला खदान एवं कोयला परिवहन कर रही मालगाड़ियों से कोयला चोरी की घटना को अंजाम देना आम बात है लेकिन दो दिन पूर्व एक किशोर ने मालगाड़ी से कोयला चोरी करने की योजना बनाई एवं फिल्मी स्टाइल में कपड़े से ढककर सिग्नल को फेल कर दिया। मालगाड़ी की रफ्तार धीमी होने पर किशोर अपने साथियों के साथ मालगाड़ी पर चढ़ गया तथा कोयला चोरी की घटना को अंजाम दिया। रेलवे पुलिस ने मामले में आरोपी किशोर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

घने अंधेरे के बीच रात्रि 2 बजे शायद ही कोई सूनसान इलाके में स्थित रेलवे लाइन के पास जाने की हिम्मत जुटाए। एक किशोर ने रात्रि में गुजरने वाली मालगाड़ी से कोयला चोरी कर ईंट भट्ठे में खपाने की योजना बनाई तथा चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए अपने दो वयस्क दोस्तों को तैयार किया। गुरूवार की मध्य रात्रि तीनों दोस्त बैकुंठपुर – कटोरा के बीच जमगहना स्थित सिग्नल के पास पहुंचे एवं कोयला लोड मालगाड़ी के के गुजरने का इंतजार करने लगे। शातिर किशोर मालगाड़ी को रोकने के उद्देश्य से सिग्नल पर चढा तथा कपड़ा बांधकर सिग्नल को बाधित कर दिया। कुछ देर बाद धड़धड़ाती हुई मालगाड़ी पहुंची। सिग्नल बंद देख चालक ने मालगाड़ी की रफ्तार धीमी कर दी। कुछ गड़बड़ होने की संभावना पर उसने तत्काल इसकी सूचना रेलवे कंट्रोल रूम को दी। रेलवे कंट्रोल रूम के अधिकारियों ने ने संबंधित रेलवे स्टेशन के अधिकारियों से संपर्क कर मालगाड़ी के चालक को रेल लाइन में कोई बाधा नहीं होने की जानकारी दी तो चालक ने गाड़ी की गति बढ़ाई। इधर आरोपी युवा मालगाड़ी पर चढ़ गए तथा बोरे में कोयला भरकर नीचे फेंकने लगे। सिग्नल बाधित होने की सूचना पर गुरूवार को तड़के रेलवे के सुरक्षा अधिकारी व आरपीएफ की टीम पहुंची तो सिग्नल का नजारा देखकर दंग रह गई। आरोपियों ने सिग्नल के ऊपर मोटा कपड़ा बांध दिया था। पास में ही लाइन के किनारे कोयला पड़ा था। अधिकारी सुबह 6 बजे घटना स्थल का निरीक्षण कर ही रहे थे चोरी के कोयले की दूसरी खेप लेने तीनों आरोपी पहुंच गए। आरपीएफ के अधिकारियों ने आरोपियों को पकड़कर पूछताछ की तो आरोपियों ने पूरी घटना को बताया। आरोपी चोरी के कोयले की एक खेप पास के ईंट भट्ठे में खपा चुके थे। आरपीएफ की टीम आरोपियों को साथ लेकर पस के ईंट भट्ठा पहुंची तथा चोरी का कोयला बरामद किया। टीम ने चोरी का कोयला खरीदने के आरोप में पटेलपारा हथवर महोरा निवासी ईंट भट्ठा संचालक सुरेश उर्फ लल्लन पिता रघुबर, आरोपी किशोर सहित कोटकपारा कोटकतालाब बैंकुंठपुर निवासी सूरज कुमार पिता मनमोहक (19वर्ष) एवं भण्डारपारा जमगहना निवासी अजय कुमार ऊर्फ जय पिता दरोगा चेरवा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को रेलवे पुलिस ने शुक्रवार को बिलासपुर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें रिमांड पर जबकि किशोर को बाल संप्रेक्षण गृह बैकुंठपुर भेजा गया है। डीआरपी थाना प्रभारी सुनीता खलखो ने बताया कि आरोपियों को जेल भेजा गया है।

### 186 किलो कोयला जब्त

रेलवे पुलिस ने ईंट भट्ठा से 90 किलों एवं रेलवे लाइन के पास 90 किलो कुल 180 किलों चोरी का कोयला जब्त किया है। मालगाड़ी में चूरा कोयला लोड होने के कारण आरोपी कम मात्रा में कोयला चोरी कर पाए। मालगाड़ी में कोयला की बड़ी चट्टाने लोड होने पर आरोपी भारी मात्रा में कोयला चोरी कर सकते थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# पार्टी के प्रति निष्ठा व समर्पण से अनुराग ने बनाई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बने गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष



प्रारंभ से ही भाजपा संगठन के लिए समर्पित भाव से हर जिम्मेदारी का निर्वहन करने एवं सरगुजा के गांव-गांव में समर्पित कार्यकर्ताओं को तैयार करने वाले भाजपा नेता अनुराग सिंहदेव को गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष का जिम्मेदारी मिली है। यह जिम्मेदारी उनके सतत संपर्क एवं संगठन के लिए समर्पित भाव से किए जा रहे कार्यों का प्रतिफल है। उनकी नियुक्ति से न केवल समर्थकों में बल्कि उनके सकारात्मक कार्यों के साक्षी जिले भर के लोगों में खुशी का माहौल है। उनकी नियुक्ति से प्रसन्न कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशियां मनाई। अनुराग सरगुजा जिले के एकमात्र नेता है जिन्हें संगठन द्वारा यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

विधि की पढ़ाई पूरी करने के बाद अनुराग ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य के रूप में वर्ष 1992 में अपनी राजनीतिक सफर की शुरूआत की थी। इस दौरान उन्होंने परिषद के विभिन्न पदों की जिम्मेदारी निभाई तथा न केवल शहर बल्कि सरगुजा के गांव-गांव में कार्यकर्ता की टीम तैयार की। यह वह दौर था जब विद्यार्थी परिषद हर मुद्दे को उठाता था तथा आंदोलन करने के लिए हमेशा तैयार रहता था। अव्यवस्था के प्रति उठी आवाज से परिषद ने शहर में अपनी अलग पहचान बनाई। अनुराग की संगठनात्मक क्षमता एवं समर्पण को देखते हुए संगठन ने उन्हें 2000 में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष के रूप में अनुराग ने अपनी अलग छवि बनाई तथा समर्पित कार्यकर्ताओं की टीम तैयार की। कार्यकर्ताओं ने अनुराग सिंहदेव के नेतृत्व में जनता की समस्याओं को प्रमुखता पूर्वक उठाकर गांव-गांव में अपनी अपनी जगह बनाई जिसका फायदा भाजपा को मिला। अनुराग न केलव प्रखर वक्ता है बल्कि किसी भी मुद्दे को प्रस्तुत करने का उनका अंदाज भी अलग है।

राजनीतिक रणनीति बनाने में भी उनका सानी नहीं है। जनता में उनकी स्वीकार्यता गांव-गांव में राजनीतिक प्रभाव को देखते हुए भाजपा ने वर्ष 2008 में अपना विधान सभा प्रत्याशी बनाया। उन्होंने अपने पहले चुनाव में बदलाव का ऐसा माहौल तैयार किया। चुनाव परिणाम को जानने भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि चुनाव में बेहद कम अंतर से उन्हें पराजय मिली। अनुराग की संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए संगठन उन्हें अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपता रहा। वे संगठन द्वारा सौंपी गई हर जिम्मेदारी को निष्ठापूर्वक निभाते रहे। उन्होंने लंबे समय तक भाजपा प्रदेश मंत्री एवं प्रदेश प्रवक्ता, बिलासपुर संभाग प्रभारी की जिम्मेदारी निभाई तथा सभी जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक पूरा किया। बिलासपुर संभाग प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी निभाने के दौरान वे लंबे समय तक सरगुजा से बाहर रहे लेकिन सरगुजा के कार्यकर्ताओं से उनका संपर्क कभी नहीं टूटा। व्यस्तता के बावजूद उन्होंने लोक सभा, विधान सभा चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाई। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव में भी वे सक्रियता से जुड़े रहे। सभी चुनावों में भाजपा को सफलता मिली। प्रदेश में भाजपा सरकार का गठन होने के बाद से ही उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने की उम्मीद जताई जा रही थी जो अब पूरी हुई।

## दिनदहाड़े घर के आंगन से स्कूटी चोरी, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** घर के आंगन से स्कूटी चोरी के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। कुसमी पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम पकरीटोली निवासी सुभाष लकडा आ. स्व. बलराम लकडा ने 3 अप्रैल की दोपहर घर के आंगन में स्कूटी क्रमांक सीजी 30 एफ 9336 को खड़ा गया था। युवक घर में था इस लिए दरवाजा खुला हुआ था। जब युवक कमरे से आंगन में आया तो उसकी स्कूटी चोरी हो गई थी। युवक ने स्कूटी चोरी की शिकायत पुलिस से की है जिसपर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त,
11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशिः-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO ज़ेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लैंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा ● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

## युवती ने कमरे में लगाई फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** भाटापारा निवासी युवती ने अज्ञात कारण से कमरे में फांसी लगा ली। परिजन युवती को फांसी से उतार मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। भाटापारा निवासी इशिका यादव आ. अशोक यादव (22 वर्ष) आज दोपहर लगभग 3.15 अपने कमरे में गई और अंदर से दरवाजा बंद कर ली। युवती के अचानक कमरे का दरवाजा बंद कर लेने तथा नहीं खोलने पर परिजन खिड़की से झांककर अंदर देखा तो उनके होश उड़ गए। युवती फांसी में लटकी हुई थी। किसी तरह परिजन दरवाजा खोल युवती को फांसी से उतार तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।